इंतज़ार है | by Rajani Gupta

बाबा मुझे सपनो में तेरा इंतज़ार है
आँखों में निंदिया लेके ये दिल बेक़रार है
बाबा मुझे सपनो में.................

रेहमत लुटा कर तुम तो मेरे दिल में समा गए
मेरे दिल में समा गए
जादू दिखा कर तुम तो मेरी दुनिया बना गए
मेरी दुनिया बना गए
छोटे से मेरे इस दिल को तेरा एतबार है
आँखों में निंदिया लेके ये दिल बेक़रार है
बाबा मुझे सपनो में.................

मेरी ज़िन्दगी में आये तुम बहार बन कर
तुम बहार बन कर
चरणों में जगह दे दी तुमने मुझको दिलदार बन कर
दिलदार बन कर
एक बार गले से लगाओ मुझे तेरी दरकार है
आँखों में निंदिया लेके ये दिल बेक़रार है
बाबा मुझे सपनो में.................

खाटू वाले तेरी ही मैं जय जयकार करूँ
जय जयकार करूँ
तेरा ही गुण गाऊं तेरा ही ध्यान मैं धरूँ
ध्यान मैं धरूँ
सेवा में रजनी लगा लो तुम अपने दरबार में
आँखों में निंदिया लेके ये दिल बेक़रार है
बाबा मुझे सपनो में.................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%87%e0%a4%82%e0%a4%a4%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-rajani-gupt/